दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 07.03.2025

प्रकाशनार्थ

राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका : डॉ. इंद्रेश पाण्डेय

दिनांक 07.03.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज गोरखपुर में **राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के दूसरे दिन** का प्रारंभ प्रार्थना सभा व लक्ष्यगीत के साथ हुआ। तत्पश्चात स्वयं सेवक व स्वयं सेविकाओं का योग व आत्मरक्षा अभ्यास कराया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के **क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की माई भारत टीम** द्वारा विस्तृत रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में स्वयं सेवक व स्वयं सेविकाओं को अवगत कराया गया जिसमें पी. आर.डी. कैम्प में स्वयं सेवक व स्वयं सेविकायें कैसे भाग ले सकते है के बारे में विस्तृत रूप से परिचर्चा किया गया। तत्पश्चात टीम के सदस्यों द्वारा स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओ का माई भारत पोर्टल पर नामांकन कराया गया। इसके साथ ही सरकार के निर्देशानुसार स्वंसेवक व स्वयं सेविकाओ को दहेज मुक्त भारत व नशा मुक्त भारत का शपथ दिलाया गया। विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन स्वंसेवक व स्वयं सेविकाओ के मध्य कराया गया ।

द्वितीय दिवस के बौधिक सत्र में महाविद्यालय के **राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी, डॉ. इन्द्रेश पाण्डेय** के द्वारा राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर अपना विचार रखें। उन्होंने कहा कि युवा इस डिजिटल युग मे बहुत सारे अनावश्यक गतिविधियों से अपने आप को बचाते हुए स्वयं, समाज तथा राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान कर सकता है। स्वंसेवक व स्वयं सेविकाओ के जीवन मे आने वाला सभी पहलुओ पर विचार करते हुए बताये की हर व्यक्ति को सर्वप्रथम अपनी क्षमता को पहचानते हुए अपने कार्य क्षेत्र का चुनाव करना चाहिए। प्रत्येक छात्र/छात्रा इंटर के बाद कॉलेज में केवल पढ़ने नही बल्कि किस विषय को कैसे पढ़ना है के लिये आते है। अतः प्रत्येक छात्र/छात्रा को अपने भविष्य के क्षेत्र का चुनाव करते समय अपने शिक्षको व समाज में सफल व्यक्तियों का सलाह अवश्य लेना चाहिए। जिससे भविष्य में युवा सशक्त हो कर सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। इसके साथ ही उन्होंने युवा को सशक्त करने के लिये सरकार द्वारा चलाये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत परिचर्चा की।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी श्री पीयूष कुमार सिंह ने व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रदीप कुमार यादव ने किया इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, निधि राय व चारो इकाईयों के स्वयंसेवक व स्वयं सेविका अनुराग मिश्रा, प्रफुल्ल त्रिपाठी, रुबिका कुमारी, प्रिया गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

प्रदीप कुमार यादव
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना